भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

सूरत हवाईअड्डा विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ समग्र विकास के लिए तैयार

नई दिल्ली, 18 मई, 2023: गुजरात की आर्थिक राजधानी और भारत में हीरे और कपडों के व्यवसाय का केंद्र सूरत बड़ी संख्या में हवाई यात्रियों को आकर्षित करता है। यात्री यातायात में शानदार वृद्धि को ध्यान में रखते हुए,भा वि प्रा 353 करोड़ रु की परियोजना लागत से वृहद स्तर पर हवाई अड्डे के समग्र विकास की दिशा में काम कर रहा है ।

विकास परियोजना में वर्तमान टर्मिनल भवन का 8474 वर्गमीटर से 25520 वर्गमीटर तक का विस्तार सम्मिलित है । टर्मिनल भवन के विस्तार के अतिरिक्त , पांच पार्किंग बे से 18 पार्किंग बे तक एप्रन का विस्तार और समानांतर टैक्सी ट्रैक (2905 मीटर X23 मीटर) का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

परियोजना के पूर्ण होने के बाद, नया अत्याधुनिक विस्तारित टर्मिनल भवन व्यस्ततम समय में 1200 अंतेर्देशीय और 600 अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा, जिससे वार्षिक यात्री क्षमता 3.5 मिलियन हो जाएगी। सभी आधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित टर्मिनल भवन में 19 चेक-इन काउंटर, पांच एयरोब्रिज, इन-लाइन बैगेज हैंडलिंग सिस्टम,आने वाले यात्रियों के लिए पांच कन्वेयर बेल्ट होंगी । नए टर्मिनल भवन में 475 कारों की क्षमता वाला पार्किंग क्षेत्र भी होगा।

नए टर्मिनल भवन को, गुजरात के जीवंत पतंग उत्सव और कपड़ा शिल्प कौशल को दर्शाती स्थानीय कला से सजाया जाएगा । टर्मिनल एक 4-सितारा GRIHA रेटेड ऊर्जा दक्ष भवन होगा जिसमें संधारणीय सुविधाएं होंगी। टर्मिनल भवन की आंतरिक सज्जा गुजरात की कला और संस्कृति को दर्शाएगी। टर्मिनल भवन के विस्तार का 90% से अधिक कार्य पूरा हो चुका है और जुलाई, 2023 तक भवन के तैयार होने की आशा है।

सूरत हवाई अड्डा देश भर में बड़ी संख्या में व्यापारिक समुदाय को सुविधा प्रदान करता है। हवाई अड्डे का नया विश्व स्तरीय टर्मिनल भवन इस औद्योगिक शहर से संपर्कता बढ़ाएगा, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
कृपया विस्तृत जानकारी हेतु संपर्क करें: महाप्रबंधक (निगमित संचार) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 5/2023-24



VÖGELE